लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/47/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 25.05.2018

मंजू धाकड़ निवासी एच–23, भारी पानी कॉलोनी, रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 19.06.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थीया द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थीया द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 02.04.2018 को रजिस्टर्ड ड़ाक से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थीया को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थीया द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 47/2018/(19.06)/565 दिनांक 25.05.2018 से लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 19.06.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थीया को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 19.06.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थीया नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुई और न ही लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत किये।

प्रकरण संख्या 47/2018 (सू.अ.)
मंजू धाकड़ निवासी रावतभाटा बनाम लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़

अपीलार्थीया द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 02.04.2018 से राशन कार्ड संख्या 111600100046 में पति का नाम रमेश चन्द्र धाकड़ कौनसी दिनांक को जोड़ा गया तथा साथ में लगाये गये दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थीया स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ को अपीलार्थीया को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./47/2018(सू.अ.)/ दिनांकः– / /2018

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़
2. मंजू धाकड़ निवासी एच–23, भारी पानी कॉलोनी, रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़–323307

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)